>

Title: Need to include people belonging to Hadpati, Rathod Tanvima and Nayaka communities of Gujarat in the list of Primitive Tribal Groups - Laid

**श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली):** हमारे गुजरात का हडपति, राठौड, तणविमा और नायका समाज भूमिहीन और अत्यन्त गरीब समाज है । यह समाज अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आता है । इस समाज को आज भी दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार के साथ एक कमरे में गुजारा करना पड़ता है ।

मेरा निवेदन है कि हडपति, राठौड, तणविमा और नायका समाज को अनुसूचित जनजाति के दायरे से हटाकर प्रीमिटिव ट्राइबल ग्रुप (आदिम जनजाति समूह) में शामिल किया जाए ताकि सरकार द्वारा दी जाने वाली हर सुविधा का लाभ उन्हें 90 प्रतिशत या 100 प्रतिशत सहायता के साथ मिल सके और इस समाज का और विकास हो सके ।